राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मुलाकात

जयपुर, 13 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से आज यहां राजभवन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण गुप्ता ने मुलाकात की।

श्री गुप्ता ने राज्यपाल को मतदाताओं को मताधिकार का महत्व समझाने और इस हेतु नागरिकों को शिक्षित करने के लिए संचालित स्वीप अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वीप का सकारात्मक प्रभाव हुआ है और रिकॉर्ड संख्या में नवमतदाताओं ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाया है।

उन्होंने 25 जनवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में भी राज्यपाल को जानकारी देते हुए प्रदेश में नए मतदाता जोड़ने, मतदाता सूचियाँ तैयार करने और मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार एवं प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल भी उपस्थित थे।

राज्यपाल से मिले सांसद श्री अर्जुलाल मीणा

जयपुर, 13 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से आज यहां राजभवन में सांसद श्री अर्जुनलाल मीणा ने मुलाकात की। राज्यपाल से इनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।